Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय - 8 | समय एवं गति का मापन

QUIZ PART-03

1. किसी वस्तु द्वारा इकाई समय में चली गई दूरी को क्या कहते हैं?
   A. समय
   B. पथ
   C. चाल
   D. दोलन (C)

व्याख्या : किसी वस्तु द्वारा इकाई समय में तय की गई दूरी को उस वस्तु की चाल कहते हैं।

2. चाल ज्ञात करने का सही सूत्र कौन-सा है?
   A. चाल = चली गई कुल दूरी ÷ लगा कुल समय
   B. चाल = दूरी × समय
   C. चाल = समय ÷ दूरी
   D. चाल = दूरी + समय (A)

व्याख्या : चाल का सूत्र है—चाल = चली गई कुल दूरी ÷ दूरी चलने में लगा कुल समय।

3. चाल का SI मात्रक क्या है?
   A. km
   B. m
   C. km/h
   D. m/s (D)

व्याख्या : चाल का SI मात्रक मीटर प्रति सेकंड अर्थात m/s है।

4. वाहन की चाल को km/h में मापने वाला उपकरण कौन-सा है?
   A. ओडोमीटर
   B. स्पीडोमीटर
   C. रूलर
   D. जल-घड़ी (B)

व्याख्या : स्पीडोमीटर अर्थात चालमापी वाहन की चाल को km/h में मापता है।

5. स्वाति 3.6 km की दूरी 15 मिनट में तय करती है। उसकी चाल कितनी होगी?
   A. 2 m/s
   B. 6 m/s
   C. 4 m/s
   D. 8 m/s (C)

व्याख्या : 3.6 km = 3600 m और 15 मिनट = 900 s। चाल = 3600 ÷ 900 = 4 m/s।

6. दी गई तालिका में 5 km दूरी को 7 मिनट में तय करने वाली सुपरफास्ट रेलगाड़ी की चाल लगभग कितनी है?
   A. 23.08 km/h
   B. 35 km/h
   C. 50 km/h
   D. 42.86 km/h (D)

व्याख्या : तालिका में सुपरफास्ट रेलगाड़ी की चाल 42.86 km/h दी गई है।

7. यदि चाल और समय ज्ञात हों, तो दूरी का सूत्र क्या होगा?
   A. दूरी = चाल × समय
   B. दूरी = चाल ÷ समय
   C. दूरी = समय ÷ चाल
   D. दूरी = चाल + समय (A)

व्याख्या : चाल, दूरी और समय के संबंध के अनुसार दूरी = चाल × समय।

8. एक बस 50 km/h की चाल से 2 घंटे चलती है। वह कितनी दूरी तय करेगी?
   A. 25 km
   B. 100 km
   C. 52 km
   D. 150 km (B)

व्याख्या : दूरी = चाल × समय = 50 × 2 = 100 km।

9. 90 km/h की चाल से चलने वाली रेलगाड़ी 360 km की दूरी कितने समय में तय करेगी?
   A. 2 घंटे
   B. 3 घंटे
   C. 4 घंटे
   D. 5 घंटे (C)

व्याख्या : समय = दूरी ÷ चाल = 360 ÷ 90 = 4 घंटे।

10. औसत चाल का सही सूत्र कौन-सा है?
   A. कुल समय ÷ कुल दूरी
   B. कुल दूरी × कुल समय
   C. कुल दूरी + कुल समय
   D. कुल दूरी ÷ कुल समय (D)

व्याख्या : औसत चाल = वस्तु द्वारा तय की गई कुल दूरी ÷ उसमें लगा कुल समय।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App